तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री से.
न्यूनतम 25.5 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

10 अब स्कूलों में लगेगी सेवा, स्वच्छता और संस्कारों ...


10 पूर्व मंत्री असीम ने शहर में झाड़ू लगाकर दिया ...


# कुंटिया प्रधान की कुर्सी को लेकर केयू में घमासान, दो गुट भिड़े

## नीलकंठ शर्मा के कुर्सी पर बैठने के बाद पहुंचीं रजवंत कौर, कार्यालय में हुई तीखी नोकझोंक, दोनों पक्षों ने पुलिस को दी शिकायत

- हंगामे पर पुलिस व विश्वविद्यालय सुरक्षा स्टाफ मौके पर पहुंचा, दोनों पक्षों को कराया शांत
- एक गुट चुनाव के बाद रजवंत कौर को वैध प्रधान बता रहा, दूसरा 3 जून को नीलकंठ के सर्वसम्मति से चयन का कर रहा दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय नॉन-टीचिंग कर्मचारी संघ (कुंटिया) की प्रधानगी को लेकर चल रहा विवाद गुरुवार को उस समय खुलकर सामने आ गया, जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। कुंटिया कार्यालय में प्रधान पद को लेकर हुए विवाद के दौरान जमकर हंगामा हुआ, जिसके बाद पुलिस और विश्वविद्यालय का सुरक्षा स्टाफ मौके पर पहुंचा। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह नीलकंठ शर्मा अपने समर्थक कर्मचारियों के साथ कुंटिया कार्यालय पहुंचे और प्रधान की कुर्सी पर बैठ गए। इसकी सूचना मिलते ही रजवंत कौर भी कार्यालय पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रजवंत कौर ने नीलकंठ शर्मा को कुर्सी से उठाने का प्रयास किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई और माहौल तनावपूर्ण बन गया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस और विश्वविद्यालय का सुरक्षा स्टाफ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और आपसी सहमति से विवाद सुलझाने का प्रयास किया। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। गौरतलब है कि कुंटिया की प्रधानगी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद नॉन-टीचिंग कर्मचारियों का एक वर्ग चुनाव कराने की मांग कर रहा था। चुनाव नहीं होने पर गत माह नीलकंठ शर्मा गुट ने बैठक कर नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें नीलकंठ शर्मा को प्रधान, जुगा लाल को वरिष्ठ उपप्रधान, नरेश कुमार नरसी को उपप्रधान, वकील चंद रंगा को महासचिव, जोगी राम को सह सचिव, संजय यादव को प्रेस सचिव तथा अर्जुन सिंह को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। वहीं दूसरी ओर, रजवंत कौर गुट ने भी बैठक आयोजित कर रिक्त पदों पर अस्थायी समायोजन के तहत नई जिम्मेदारियां सौंपीं।


नीलकंठ को कुर्सी से उठाती रजवंत कौर।

### की जा रही जांच

रजवंत कौर गुट स्वयं को निर्वाचित पदाधिकारी बताकर अपना दावा कर रहे हैं, जबकि नीलकंठ गुट के समर्थक उनके प्रधान होने की बात कह रहे हैं। दोनों पक्ष के बीच कुंटिया की प्रधानगी को लेकर विवाद हुआ था। दोनों की तरफ शिकायत भी आई है। पुलिस ने दोनों पक्ष को शांत कर दिया है। अभी मामले की जांच चल रही है।
-सुरेंद्र कुमार एसएचओ केयूके थाना

### जबरदस्ती कुर्सी से खींचने की कोशिशः नीलकंठ शर्मा

जगदीश खनोदा को महासचिव, विनोद कुमार को सह सचिव, डॉ. सतीश कुमार को प्रेस सचिव, चंद्रपाल को वरिष्ठ उपप्रधान, राकेश कुमार को उपप्रधान तथा विकास कांटीवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। रजवंत कौर का कहना है कि पिछले साल फरवरी में हुए कुंटिया के चुनाव हुए थे। इसमें उसको 435 वोट मिले थे। उन्होंने प्रतिद्वंदी नीलकंठ शर्मा को 21 वोटों से हराया था। नीलकंठ शर्मा को 414 वोट मिले, जबकि रामकुमार गुर्जर 322 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्रधान पद के लिए कुल 1241 में से 1185 मत पड़े थे, जिनमें से 14 मत रद्द हुए। ये पहला मौका था जब किसी महिला को कुंटिया की प्रधान का पद मिला था। उधर, नीलकंठ शर्मा ने बताया कि उनको पिछले महीने 3 जून को सर्वसम्मति से कुंटिया का प्रधान चुना गया था। आरोप लगाया कि रजवंत की टर्म पूरी हो चुकी थीं। आज वे अचानक आईं और जबरदस्ती कुर्सी से खींचने की कोशिश की।

## खबर संक्षेप

### पुर्तगाल भेजने के नाम पर 9.50 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** गांव खारवन निवासी दलविंदर सिंह से पुर्तगाल भेजने का झांसा देकर 9.50 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। शिकायत पर व्यासपुर थाना पुलिस ने दिल्ली निवासी मार्को रोशन के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने 13.50 लाख रुपये में पुर्तगाल भेजने का वादा कर पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज ले लिए और वीजा की फोटो भेजकर भरोसा दिलाया। इसके बाद किस्तों में 9.50 लाख रुपये ले लिए। चार बार फ्लाइट टिकट भेजकर दिल्ली एयरपोर्ट बुलाया, लेकिन हर बार अलग-अलग बहाने बनाकर टालता रहा। रुपये वापस मांगने पर चेक दिए, जिन्हें जमा न कराने को कहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हादसे में युवक की मौत कार चालक पर केस

**यमुनानगर।** साढौरा अस्तबली पीर बाबा दरगाह के पास करीब ढाई महीने पहले हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई मृतक रजत कुमार की मां महिंद्रो देवी की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद हुई। आरोप है कि एक अप्रैल को तेज रफ्तार सफेद कार की लापरवाही से बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे रजत गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान 10 मई को उसकी मौत हो गई। पहले दर्ज रिपोर्ट में कार का जिक्र नहीं था। दोबारा शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।।

### पानीपतः करंट लगने से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी के पास टावर पर काम करते समय करंट लगने से 19 वर्षीय मोहित निवासी गांव बाल राजपुतान, जिला करनाल की मौत हो गई। इधर, परिजनों ने ठेकेदार और बिजली निगम पर गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि बिजली की आपूर्ति बंद किए बिना ही मोहित को टावर पर चढ़ा दिया गया था। इधर, पुलिस ने मोहित के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कुनाल हत्याकांड का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के जगदीश नगर निवासी कुनाल की न्यू दलबीर नगर में हत्या करने मामले में फरार चल रहे दसवें आरोपी गांव नवी नगर औरंगाबाद बिहार हाल धूप सिंह नगर निवासी विकास को सीआईए श्री पुलिस ने गिरफतार किया है। वहीं, थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी विकास ने कुनाल हत्याकांड में पहले गिरफतार हो चुके पंचम, राहुल, राजेश, प्रिंस, अतुल, अभिषेक, शिवम, आशिष, आदर्श तथा एक फरार साथी आरोपी के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है। कुनाल हत्याकांड के आरोप में किला थाना में केस दर्ज है।

### पत्नी का हत्यारोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने भारत नगर में हुई महिला शिल्पी की हत्या मामले में आरोपी पति गांव गंधनपुरवा सांडी यूपी हाल बतरा कॉलोनी निवासी विपिन को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार विनोद ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपने मौसेरे भाई हरेंद्र के साथ मिलकर पत्नी शिल्पी की गला दबाकर हत्या करना स्वीकारा है। विपिन अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। स्मरणीय है कि शिल्पी की हत्या के आरोप में थाना पुराना औद्योगिक में दयाराम पुत्र रामदयाल की शिकायत पर केस दर्ज है।



# यमुनानगर में 10वीं का स्टूडेंट स्कूल में फंदे पर लटका मिला

## 12 फुट ऊंची छत में हुक लगाया था, इकलौता बेटा

- माता-पिता के बीच छह साल से घरेलू विवाद, तलाक का मामला कोर्ट में विचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र कमलदीप का शव वीरवार को स्कूल की जर्जर बिल्डिंग के एक कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। आशंका जताई जा रही है कि छात्र ने खुदकुशी की है। छात्र का स्कूल बैग व साइकिल स्कूल परिसर में ही पड़ी मिली। वीरवार को सुबह जब परिजन स्कूल पहुंचे तो जांच के दौरान उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छछरौली निवासी कमलदीप दसवीं कक्षा का छात्र था और कस्बे में स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहा था। गत बुधवार को कमलदीप रोज की तरह घर से साइकिल पर अपने स्कूल आया। मगर दोपहर को स्कूल से छुट्टी के बाद वापस घर नहीं लौटा। घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। परिजनों ने उसके लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने भी अपने स्तर पर काफी तलाश की। लेकिन उसका कुछ भी सुराग नहीं मिला। वीरवार सुबह पुलिस परिजनों के साथ स्कूल में पहुंची। जहां पर कमलदीप का बैग व साइकिल परिसर में पड़ी मिली। पुलिस ने स्कूल के एक एक कमरे की तलाशी ली । लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। बाद में जब पुलिस स्कूल में बनी जर्जर बिल्डिंग में पहुंची तो कमलदीप का शव जर्जर बिल्डिंग के कमरे में लटका मिला। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। बाद में पुलिस ने शव को नीचे उतारा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मामले में जांच कर रही पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले में सच्चाई पता चलने की उम्मीद है।


**यमुनानगर।** स्कूल की इसी बिल्डिंग में छात्र कमलजीत फंदे पर लटका मिला।

# यमुनानगरः संदीप हत्याकांड में चार दोषियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गंगानगर कॉलोनी में वर्ष 2023 में पुरानी रंजिश के चलते युवक संदीप की पीट-पीटकर हत्या करने के बहुचर्चित मामले में अदालत ने गुरुवार को चार मुख्य आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने करण उर्फ कन्नी, इमरान, प्रिंस उर्फ अड्डा और राजा उर्फ कालू को हत्या, बलवा और जान से मारने की धमकी देने का दोषी ठहराते हुए विभिन्न धाराओं में सजा और जुर्माना लगाया। हत्या के मामले में प्रत्येक दोषी पर 20-20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी और न्यायिक हिरासत में बिताई अवधि का लाभ मिलेगा। उप जिला न्यायवादी रविंद्र मलिक ने बताया कि चारों दोषियों को हत्या के अपराध में उम्रकैद व 20-20 हजार रुपये जुर्माना, धारा 506 के तहत दो-दो वर्ष का कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 148/149 के तहत एक-एक वर्ष का कठोर कारावास व पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना सुनाया गया है। अभियोजन के अनुसार 24 जुलाई 2023 को संदीप पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया गया था। उपचार के दौरान 2 अगस्त को पीजीआई चंडीगढ़ में उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में चार नाबालिग आरोपियों का केस किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है।

### चरस तस्करी के दो दोषियों को 10-10 साल की कैद

**पानीपत।** एडिशनल सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट (एनडीपीएस) ने चरस तस्करी के मामले में दोषी सत्तार अली उर्फ काकू और रफीक को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर उन्हें एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। डिप्टी जिला अटार्नी कुलदीप ढुल ने बताया कि दोनों दोषियों ने जुर्माना जमा नहीं कराया है। वर्ष 2023 में सीआईए-वन पुलिस ने दोनों को एक किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में सेक्टर-13/17 थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## छात्र प्रतीक कश्यप हत्याकांड का खुलासा

# एक युवक समेत दो नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस ने छात्र प्रतीक कश्यप हत्याकांड का खुलासा करते हुए एक वयस्क आरोपी और दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना सदर, सीआईए-1 और सीआईए-2 की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, गुप्त सूचना और लगातार छापेमारी के आधार पर की। डीएसपी मुख्यालय संदीप कुमार ने बताया कि 14 जुलाई को गांव धौलगढ़ निवासी नफे सिंह की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार प्रतीक कश्यप पर गांव धौलगढ़ के पास तीन युवकों ने डंडों तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल प्रतीक को पार्क अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने गांव जुंडला निवासी दलजीत सहित दो नाबालिग आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है तथा हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी और घटना के कारणों की जांच जारी है।

## अदालत के आदेश पर मामला दर्ज किया

# 37.76 लाख का चावल लेकर भुगतान नहीं किया, 4 पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर के बापौली रोड स्थित सियाराम राइस मिल के संचालक ने चार लोगों पर चावल खरीदने के बाद 37.76 लाख रुपये का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मिल संचालक वैभव अग्रवाल ने बताया कि अक्तूबर 2024 में करनाल निवासी राजेश सिंगला और उसके पिता ओम सिंगला ने चावल कारोबार के लिए संपर्क किया था। शुरुआत में उन्होंने चावल खरीदकर समय पर भुगतान किया, जिससे विश्वास बन गया। इसके बाद आरोपियों ने उधार में 23.93 लाख रुपये का चावल ले लिया। बाद में दिल्ली निवासी सुभाष गुप्ता को भरोसेमंद व्यापारी बताकर उससे 13.83 लाख रुपये का चावल भी खरीदवाया गया।शिकायत के अनुसार कुल 37.76 लाख रुपये का माल लेने के बाद आरोपियों ने भुगतान नहीं किया। रुपये मांगने पर टालमटोल की और धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस में कार्रवाई नहीं होने पर वैभव ने अदालत में याचिका दायर की। अदालत के आदेश पर पुलिस ने राजेश सिंगला, ओम सिंगला, सुभाष गुप्ता और पदम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 21 लाख ठगने वाले दो आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार



- कम दाम में कार दिलाने का झांसा देकर फ्रॉड, 1.50 लाख रुपये नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कम कीमत में गाड़ी दिलाने का झांसा देकर 21 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को आर्थिक अपराध शाखा ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी जाहिर इब्राहिम शेख से 1.50 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की है। शिकायतकर्ता देवी दयाल ने बलदेव नगर थाना में शिकायत दी थी कि आरोपियों ने सस्ती गाड़ी दिलाने का लालच देकर उससे 21 लाख रुपये ले लिए और बाद में गाड़ी लेकर फरार हो गए। आर्थिक अपराध शाखा ने तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर मुख्य आरोपी जाहिर को नासिक से तथा सह आरोपी अजहर युनूस मनियार को कोपारगांव से गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी को सात दिन के रिमांड के बाद जेल भेज दिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी से पूछताछ जारी है।

### शादी के पांच महीने बाद जेवर-नकदी लेकर लापता हुई नवविवाहिता

- पति गुजरात में करता है नौकरी, मोबाइल बंद मिलने पर शिकायत दर्ज

**यमुनानगर।** गांव नाहरपुर से शादी के पांच महीने बाद एक नवविवाहिता घर से सोने-चांदी के जेवर और 50 हजार रुपये नकद लेकर लापता हो गई। जठलाना थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता रमेश कुमार ने बताया कि उनके बेटे रुबल कुमार की शादी फरवरी 2026 में सपना से हुई थी। रुबल रोजगार के सिलसिले में गुजरात में सैलून चलाता है, जबकि उसकी पत्नी गांव में रह रही थी। बुधवार तड़के वह बिना बताए घर से चली गई। परिजनों के अनुसार वह जेवर और नकदी भी साथ ले गई। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला और उसका मोबाइल भी बंद मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आचार्य सुश्रुत जयंती पर विशेष कार्यक्रम

*मूल संहिताओं के अध्ययन से ही बनेंगे कुशल आयुर्वेदाचार्य*

# तैयार नोट्स पर निर्भरता से ज्ञान की मौलिकता और गुणवत्ता होती है प्रभावित : कुलपति प्रो. धीमान

- आचार्य सुश्रुत के शोध, तप और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को चिकित्सा विज्ञान की अमूल्य धरोहर बताया
- कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा आधुनिक शल्य चिकित्सा की नींव सदियों पहले रख गए थे आचार्य सुश्रुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आचार्य सुश्रुत की परंपरा से जुड़ना अपने आप में गौरव और जिम्मेदारी का विषय है। यदि आयुर्वेद के विद्यार्थी भविष्य में प्रभावी शिक्षक, चिकित्सक या वक्ता बनना चाहते हैं तो उन्हें मूल संहिताओं का गहन अध्ययन करना होगा। केवल तैयार नोट्स या पुस्तकों पर निर्भर रहने से ज्ञान की मौलिकता प्रभावित होती है और समय के साथ अनेक त्रुटियां भी आगे बढ़ती जाती हैं। कुलपति प्रो. धीमान शल्य तंत्र, शालाक्य तंत्र तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा आयोजित आचार्य सुश्रुत जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आचार्य सुश्रुत को ऋषि स्वरूप में चित्रित किया जाना केवल कलाकारों की कल्पना नहीं, बल्कि उनके तप, अनुसंधान, ज्ञान-साधना और चिकित्सा विज्ञान में अद्वितीय योगदान का प्रतीक है। उन्होंने केवल शल्य चिकित्सा का अभ्यास ही नहीं किया, बल्कि अपने शोध एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चिकित्सा विज्ञान को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि नींव दिखाई नहीं देती, लेकिन पूरा भवन उसी पर खड़ा होता है। बीज दिखाई नहीं देता, लेकिन उसी से विशाल वृक्ष बनता है और हवा दिखाई नहीं देती, लेकिन वही जीवन का आधार है। इसी प्रकार आचार्य सुश्रुत के सिद्धांत आज भी चिकित्सा विज्ञान की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक शल्य चिकित्सा की आधारशिला आचार्य सुश्रुत ने सदियों पहले रख दी थी और उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, प्रो. सीमा रानी, प्रो. जितेश कुमार पंडा, प्रो. मनोज तंवर, डॉ. अनामिका, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. ज्योति सैनी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# गंदे नाले से मिला छह फुट लंबा मगरमच्छ



**कुरुक्षेत्र।** गांव नरकातारी के पास गंदे नाले में करीब 6 फुट लंबा मगरमच्छ मिलने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद गोताखोर प्रगट सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे वन्यजीव विभाग की टीम के हवाले कर दिया गया। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि गांव के सरपंच अनिल कुमार के फोन पर वह टीम सहित मौके पर पहुंचे थे। वन्यजीव विभाग ने मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया है। प्रशासन ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### तीन अवैध कॉलोनियों में चला बुलडोजर



करनाल। जिला नगर योजनाकार विभाग ने पुलिस और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जिले की तीन अवैध कॉलोनियों तथा एक अवैध निर्माण के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुंडरक गांव स्थित लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में विकसित अवैध कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान, प्लॉटों की निशानदेही और कच्ची सड़कें ध्वस्त की गईं। डबरी-काछवा रोड स्थित छह एकड़ की कॉलोनी में भी कच्ची सड़कें हटाई गईं। वहीं केंद्रीय विद्यालय के सामने करीब 17 एकड़ में विकसित कॉलोनी में सीवरेज नेटवर्क और सड़कें तोड़ी गईं। इसके अलावा गांव काछवा में एक अवैध निर्माण भी गिराया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। लोगों से केवल लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदने की अपील की गई है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

करनाल। जिला पुलिस करनाल द्वारा अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध अन्वेषण शाखा (सीआईए) असंध की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 600 बोतल अवैध शराब बरामद की है। सीआईए असंध प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक खेमचंद, मुख्य सिपाही राजिंदर और सत्यवान की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव राहड़ा निवासी लोकेश पुत्र महासिंह को विधि अनुसार गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 438 बोतल बीयर, 99 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 57 बोतल देशी शराब बरामद हुई।

### गौ सेवा मानवता की सच्ची पहचानः राकेश



तरावड़ी। शांतिवन गोपाल गौशाला के अध्यक्ष एवं समाजसेवी राकेश गर्ग ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को केवल एक पशु नहीं, बल्कि करुणा, सेवा, समृद्धि और आस्था का प्रतीक माना गया है। भगवान श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन गौ सेवा, गोपालन और प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश देता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति श्रीकृष्ण के आदर्शों का अनुसरण करते हुए गौ सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाए, तो समाज में प्रेम, संवेदना और मानवीय मूल्यों का विस्तार होगा। भगवान श्रीकृष्ण को गोपाल और गोविंद के नाम से इसलिए जाना जाता है क्योंकि उनका गौ माता के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण था। आज के आधुनिक दौर में हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत और सनातन मूल्यों को सहेजने की आवश्यकता है।

# स्वच्छता से स्वागत अभियान के तहत वार्डों में चलाया सफाई अभियान

■ नागरिकों से स्वच्छता को दैनिक आदत बनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा आगमन के मद्देनजर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान के तहत गुरुवार को शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड-4 के कर्ण विहार, वार्ड-15 के जुंडला गेट, वार्ड-18 के प्रेम नगर तथा वार्ड-1 में हवेली से द रुतबा बैंक्वेट हॉल और गांव झंझाड़ी तक सफाई कार्य कराया गया। सफाई टीमों ने सड़कों, गलियों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों और डिवाइडरों की सफाई के साथ कचरे का उठान, झाड़ियों की कटाई और पौधारोपण भी किया। अभियान में पार्षदों, वार्ड समिति सदस्यों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान किया। आईईसी गतिविधियों के माध्यम से लोगों को कचरा पृथक्करण, स्वच्छता और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने के लिए जागरूक किया गया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ शहर केवल नगर निगम के प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता को दैनिक आदत बनाने की अपील की। निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल प्रधानमंत्री का स्वागत करना नहीं, बल्कि स्थायी स्वच्छता व्यवस्था और जनजागरूकता को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फॉगिंग भी कराई जा रही है।



करनाल। शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाते नगर निगम की टीमें। *फोटो : हरिभूमि*

### तरावड़ी में व्यापक सफाई अभियान चलाया



तरावड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित हरियाणा दौरे को लेकर पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को तरावड़ी में व्यापक सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में तरावड़ी के सौंकड़ा रोड़ पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी स्वयं झाड़ू, कस्सी और तसला लेकर मैदान में उतरे तथा सडक़ों और सार्वजनिक स्थानों पर फैली गंदगी को साफ किया। विधायक कबीरपंथी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपने घरों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को भी साफ-सुथरा रखने और स्वच्छ भारत अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर तरावड़ी नगरपालिका के चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, नगरपालिका सचिव अजीत अरोड़ा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन रणदीप चौधरी, वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, प्रताप सिंह, सफाई दरोगा विक्रम सहित कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता अभियान में शामिल हुए।

# छात्र जीवन में अनुशासन-मेहनत सफलता की कुंजी : वीरेंद्र चौहान

■ राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ नीलोखेड़ी

गुरु ब्रह्मानंद गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान, नीलोखेड़ी में गुरुवार को वार्षिक अकादमिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर सीखने की जिज्ञासा तथा सकारात्मक सोच को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, संस्थान के प्रधानाचार्य ज्वाला प्रसाद और विभागाध्यक्षों ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. चौहान ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने सपनों को साकार किया। विद्यार्थियों से उन्होंने मेहनत, ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति और बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया। समारोह में विभागाध्यक्ष अजीत सिंह, बिजेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, पवन वर्मा, रोशनी, कविता राठी, कमलजीत मोटिया, डॉ. सुनील दहिया सहित सभी प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



करनाल। मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत करते हुए।

# राजकीय महाविद्यालय में फायर मॉक ड्रिल की



इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में फायर मॉक ड्रिल कर जानकारी देते फायर विभाग के अधिकारी।

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में विद्यार्थियों एवं स्टाफ को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के निर्देशानुसार एवं उप-प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की फायर डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य डॉ. कुलदीप एवं डॉ. सुमन द्वारा किया गया। इस मौके पर फायर अधिकारियों ने उपस्थित स्टाफ एवं विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों, अग्निशमन यंत्र के सही उपयोग, आपातकालीन निकासी तथा बचाव के प्रभावी तरीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर जानकारी दी। मॉक ड्रिल के माध्यम से सभी को आपदा की स्थिति में शांत रहकर त्वरित एवं सुरक्षित कार्रवाई करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. दीपा, डॉ. मीरा, फायर ब्रिगेड विभाग से फायर ऑफिसर गजे सिंह व संजीव उपस्थित रहें।

# एआई अप्रिसिएशन डे मनाया



करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल (डीएसपीएस), करनाल में एआई अप्रिसिएशन डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। विशेष प्रातःकालीन सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व तथा उसके जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। सभा में आज का विचार, एआई से जुड़े समाचार, रोचक तथ्य, पहेलियां, हास्य प्रस्तुतियां और आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए एआई आधारित मॉडलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें उनकी रचनात्मकता और तकनीकी समझ की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतर-सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता रही, जिसका विषय था कृत्रिम बुद्धिमत्ता : वरदान या अभिशाप प्रतिभागियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समाज पर एआई के प्रभावों को लेकर पक्ष और विपक्ष में प्रभावशाली तर्क रखे। प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापिका ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए तकनीक का उपयोग नैतिकता, जिम्मेदारी और समाजहित में करने का संदेश दिया।

# विद्यालयों में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ भारत विकास परिषद मानव शाखा ने चलाया हरित अभियान

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल

भारत विकास परिषद मानव शाखा की ओर से राजकीय प्राथमिक पाठशाला और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, सेक्टर-13 करनाल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अध्यापकों और परिषद के सदस्यों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्राथमिक विद्यालय प्रभारी एवं जिला संगठन आयुक्त (कब-बुलबुल) अनिल सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। पर्यावरण संरक्षक सुजाता गुप्ता ने पौधारोपण कर विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। प्रधान गौरी दत्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य सपना पुरी ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।



## कांग्रेस जनता के साथ शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन करेगी

# जनसमस्याओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

■ जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा ने किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल

जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, अधूरे सिंगल पिलर फ्लाईओवर को शीघ्र पूरा करने, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार तथा ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग उठाई गई।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस जनता के साथ शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन करेगी। इस अवसर पर कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर जोगिंदर वाल्मीकि, बिंदर पोसवाल, दिलशेर डॉचर, तरुण चौहान, ललित अहूजा, संदीप महाजन (दीपक), जीत राम कश्यप, ओम प्रकाश सलूजा, मनोज वाधवा, निश्चय सोही, सतीश बिंदल, सोनी शर्मा कूटेल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



करनाल। जनसमस्याओं को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के जिला अध्यक्ष पराग गाबा व अन्य कांग्रेस पदाधिकारी।

### ज्ञापन में उठाई ये मांगें

कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डायलिसिस सुविधा तत्काल शुरू की जाए। अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारियों के रिक्त पद भरे जाएं। अस्पताल में बिजली आपूर्ति और जनरेटर व्यवस्था हर समय सुचारु रखी जाए। सेक्टर-6, शहीद ऊधम सिंह मार्ग सहित शहर की जर्जर सड़कों का सर्वे कर प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्माण कराया जाए। वर्षों से अधूरे सिंगल पिलर फ्लाईओवर का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए तथा उसके नीचे होने वाले जलभराव का स्थायी समाधान किया जाए। रेलवे रोड की ओर उतरने वाले फ्लाईओवर के हिस्से को सुरक्षित बनाया जाए। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किया जाए।

### कारागार में दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण



करनाल। जिला कारागार करनाल में सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट और विर्क हॉस्पिटल के सहयोग से सीपीआर जागरूकता एवं आपातकालीन जीवन रक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 250 बंदियों और 50 जेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रतिभागियों को हृदयाघात की स्थिति में सीपीआर की सही तकनीक, प्राथमिक उपचार तथा गोल्डन ऑवर के महत्व की जानकारी दी और व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया। समय पर सही तरीके से सीपीआर देने से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।

## न्यूज डायरी

### डीसी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



करनाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद से होने वाले कार्यक्रम के जिला स्तरीय लाइव प्रसारण की तैयारियों का उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों के साथ डॉ. मंगलसेन सभागार में निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर, महापौर रेणु बाला गुप्ता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि होंगे। विधायक रामकुमार कश्यप, जगमोहन आनंद, भगवानदास कबीरपंथी, योगेंद्र राणा, महापौर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर, केश कला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर, व्यापार कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सतीश गुप्ता तथा जिला परिषद चेयरपर्सन प्रवेश सोहन सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, आकर्षक सजावट, एलईडी स्क्रीन, उच्च गुणवत्ता वाली इंटरनेट सुविधा, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### भारत हरित परिवहन के नए युग में प्रवेश करेगा



करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर भारत को हरित एवं आधुनिक परिवहन के नए युग में प्रवेश कराएंगे। साथ ही हरियाणा को हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। उन्होंने कहा कि जींद-सोनीपत रेलखंड पर शुरू होने वाली हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी। यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि ट्रेन का डिजाइन, निर्माण और रूपांतरण पूरी तरह स्वदेशी है, जो 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना को मजबूत करता है। विधायक ने कहा कि इस परियोजना से हरियाणा की रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी, उद्योग, व्यापार, पर्यटन और निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी।

### मोदी आज हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी



इंद्री। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह कदम देश में स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन की दिशा में एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। इस भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री हरियाणा के लिए हजारों करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। विधायक रामकुमार कश्यप सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां भी लगाईं। जींद के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम का सीधा (लाइव) प्रसारण करनाल के मंगलसेन ऑडिटोरियम में किया जाएगा। यह कार्यक्रम पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल होगा। प्रदूषण को रोकने के लिए रैली और कार्यक्रम में केवल इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों के उपयोग किया जाएगा। उन्होने कार्यकर्ताओं से भी ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों का ही प्रयोग करने का आह्वान किया।

### हाइड्रोजन ट्रेन का लाइव प्रसारण देखने पहुंचें



करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ के अवसर पर करनालवासियों से शुक्रवार सुबह नौ बजे डॉ. मंगलसेन सभागार पहुंचकर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जींद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ भारत के लिए गौरव का क्षण है। यह हरित ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। महापौर ने कहा कि यह उपलब्धि केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमता का प्रतीक है।

### नशे के आदी व्यक्ति को अपराधी नहीं, मरीज समझें



करनाल। नगर निगम सभागार में कुपोषण एवं नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने की, जबकि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव मुख्य अतिथि रहीं। शिविर में सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. मनीष, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्णय सचदेवा, विशेषज्ञ हर्ष वत्स तथा यास्ता फाउंडेशन की अध्यक्ष तेजिन्द्र सूरी ने नशे और कुपोषण के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। मीनाक्षी यादव ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। डॉ. मनीष ने बताया कि जिला नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति का उपचार और आवश्यक जांच पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध हैं। डॉ. निर्णय सचदेवा और हर्ष वत्स ने कहा कि नशे का शिकार व्यक्ति अपराधी नहीं बल्कि मरीज होता है, जिसे उपचार और परामर्श की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने सभी को नशा मुक्ति और कुपोषण के प्रति जनजागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई।

### खाटू श्याम मंदिर का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न



तरावड़ी। तरावड़ी के पुराना जनाना मन्दिर मे बनने जा रहे श्री खाटू श्याम मंदिर का भूमिपूजन कार्यक्रम गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में जय श्री श्याम के जयघोष गूंजते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मंदिर निर्माण की नींव समाजसेवी तरुण बंसल ने रखी। भूमिपूजन के दौरान विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई और मंदिर निर्माण कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस ऐतिहासिक पल की खुशी सांझा करते हुए मंदिर निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया। इस अवसर पर तरुण बंसल ने कहा कि श्री खाटू श्याम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं होगा, बल्कि यह सनातन धर्म की एकता, आस्था और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि बाबा श्याम की कृपा से मंदिर का निर्माण शीघ्र पूरा होगा और जल्द ही श्रद्धालु यहां दर्शन-पूजन कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के भजन गाए और जयकारों के साथ पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय लोगों ने भी मंदिर निर्माण को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए इसे समाज को जोडने वाला एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर महेश शर्मा, पं. जगदीश शर्मा, नरेश बंसल, पूर्व मंडी अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, पी.के भारद्वाज, गणेश बंसल, विजय सिंगला एवं अशोक गोयल सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पात्रों को रुकी हुई पेंशन मिलेगी, प्रक्रिया शुरू

**पानीपत।** पानीपत जिला के उन हजारों सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों के लिए राहत और खुशी की खबर है, जिनकी किसी कारणवश सामाजिक सुरक्षा पेंशन अथवा वित्तीय सहायता बंद या रुकी हुई है। जिला प्रशासन ने ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों सहित समाज कल्याण विभाग उपस्थित होकर अपने दस्तावेज जमा करवाएं। दस्तावेजों का सत्यापन पूरा होने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनकी पेंशन अथवा वित्तीय सहायता को पुनः शुरू किया जाएगा।

### वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण होगा

**पानीपत।** भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग के पत्र के अनुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की नई समय-सारिणी निर्धारित की गई है। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा ने सभी जिलों को संशोधित कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर सत्यापन का कार्य अब 24 जुलाई तक किया जाएगा।

### स्मार्ट मीटरिंग के विरोध में किसानों की बैठक

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा कृषि वितरण निगम एग्री डिस्कॉम गठन, स्मार्ट मीटरिंग योजना और प्राइवेट लाइसेंस प्रणाली लागू करने के विरोध में सर्किल कार्यालय में संयुक्त बैठक हुई। बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के सचिव प्रमोद शर्मा, सुरेंद्र यादव, संदीप सहारण, राजेंद्र छोकर, बलवान, राजपाल, सोमपाल रावल, विनोद, अमित कुमार, सतेंद्र पुनिया, मनीष मलिक आदि उपस्थित रहे।

### इनर व्हील क्लब ने छात्राओं को जागरूक किया

**पानीपत।** इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की ओर से द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को व्यक्तिगत सुरक्षा एवं आत्म सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुड टच बैड टच विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब प्रधान ज्योत्सना गर्ग, प्राचार्या डॉ.रेनु देसवाल, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई कार्यशाला

**पानीपत।** एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मधुबनी आर्ट पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्याथिति शिवानी ने विद्यार्थीयों को मधुबनी कला की विशेषताओं, उनके इतिहास तथा परमपरिक तकनीकि के बारे में जानकारी दी। प्रिंसिपल ने शिवानी का स्वागत और विद्यार्थियों को भारतीय लोक कलाओं के संरक्षण के महत्व के बारे में बताया।

### टर्न कोट प्रतियोगिता में नेहरू सदन प्रथम

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में छात्राओं के लिए टर्न कोट प्रतियोगिता करवाई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में त्वरित सोच, विषय परिवर्तन की क्षमता और मंच पर आत्मविश्वास के साथ बोलने की कला का विकास करना था। वहीं, कक्षा सातवीं की छात्रा बानी व यशिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### आर्य कॉलेज में होगा पीएम मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

# विधायक ने कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का लिया जायजा

**कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज में पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए डीसी व भाजपा नेता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को जींद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर पानीपत में भी उत्साह का माहौल है। स्थानीय आर्य महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन और संबंधित विभागों ने आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं। इस कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश देने वाली साइकिल यात्रा रहेगी। शिक्षा मंत्री स्थानीय टोल प्लाजा से साइकिल चलाकर आर्य महाविद्यालय के सभागार तक पहुंचेंगे और नागरिकों को पेट्रोल बचाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश देंगे। इस पहल के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इधर, कार्यक्रम की तैयारियों का उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट व उपाध्यक्ष नवीन भाटिया आदि ने जायजा लिया।

### पुलिस ने अवैध कट्टे के साथ युवक पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने बापौली अनाज मंडी में अक्षय पुत्र सत्यपाल निवासी गांव छाजपुर कलां जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा है। वहीं, थानेदार सुभाष ने बताया कि अक्षय, गुरूग्राम में दर्ज हत्या के एक मामले में जेल में बंद था, और बीते मार्च माह में जेल से बेल पर बाहर आया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया जिस युवक की हत्या हुई थी उसके परिजन उससे रंजिश रखते है। इसी चलते व अवैध हथियार व कारतूस अपने पास रखता है। इधर, अक्षय पर थाना पुराना औद्योगिक में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए नागरिकों को पौधे बांटे

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में नागरिक की विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं की उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने सुनवाई की। डॉ वशिष्ठ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए तीन सौ लोगों को पौधे वितरित किए। उपायुक्त ने कहा कि वर्षा ऋतु पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है और जिले में बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।



पानीपत। भाजपा नेत्री रेखा गोयल अपनी टीम के साथ गोल्डन पार्क में स्वच्छता अभियान चलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## समालखा के गोल्डन पार्क में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

भाजपा के स्वच्छता अभियान के तहत समालखा शहरी मंडल की ओर से मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल के नेतृत्व में गोल्डन पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्क में सफाई की और कचरा उठवाया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पार्क परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं, रेखा ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की पहचान है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखे तथा दूसरों को भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करे। प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफाई कोई एक दिन का कार्य नहीं बल्कि प्रति दिन किया जाने वाला आवश्यक कार्य है। इस अवसर पर पार्षद संजय गोयल, महामंत्री रॉकी वर्मा, नरेंद्र कौशिक, हरीश महिंद्रा, बबीता साहनी, मीणा धीमान सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## डीपीएस में हुआ अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



समालखा। दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में अलंकरण समारोह में शिरकत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली पब्लिक स्कूल, पानीपत सिटी में अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की हेड सोनिया तोमर, उपप्रधानाचार्या आभा विशर्ड, डीपीएस जूनियर अंसल की हेडमिस्ट्रेस सरिता विज, शिक्षक तथा सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। अलंकरण समारोह के अंतर्गत अनुभव दुग्गल को हेड ब्वॉय, धनिका को हेड गर्ल, अनमोल को हेड ब्वॉय हॉस्टल, सैजल गौतम को हेड गर्ल हॉस्टल, आदित शर्मा को जूनियर हेड ब्वॉय तथा नियोनिका को जूनियर हेड गर्ल, डीपीएस जूनियर अंसल के कृष्ण मोहन मिश्रा को जूनियर हेड ब्वॉय एवं लावण्या सचदेवा को जूनियर हेड गर्ल की उपाधि से विभूषित किया गया। वहीं, कार्यक्रम में स्कूल के पूर्व विद्यार्थी साहिल सहरावत, विदुर सरदाना, सिद्धार्थ गुप्ता को अतिथि रहे और उन्होंने विद्यार्थियों से देश, मानवता व समाज की निष्काम सेवा का आह्वान किया। अतिथियों को मालिनी पंत, निधि शर्मा, मोनिका मारवा ने स्मृति चिंह भेंट किए।

## उर्वरक-बीज विक्रेताओं की दुकानों पर मारें छापे

- उर्वरक, बीज व कीटनाशकों के लिए गए नमूने, लैब की जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल सहरावत बीज विक्रेताओं की दुकानों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के संयुक्त निदेशक (पौध संरक्षण), पंचकूला डॉ. अनिल सहरावत ने बुधवार को जिला का दौरा कर जिले के विभिन्न उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विक्रेताओं के स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस, बिक्री रिकॉर्ड तथा भंडारण व्यवस्था की गहनता से जांच की गई। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न उर्वरकों, बीजों एवं कीटनाशकों के नमूने भी लिए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक ने सभी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं को उर्वरक नियंत्रण आदेश, बीज अधिनियम तथा कीटनाशक अधिनियम के सभी प्रावधानों का पूर्णतः पालन करने के निर्देश दिए। वहीं, जिले का कोई भी उर्वरक, बीज अथवा कीटनाशक विक्रेता किसानों को जबरदस्ती खाद के साथ किसी भी प्रकार की कीटनाशक दवा, सूक्ष्म पोषक तत्व अथवा अन्य सामग्री की टैगिंग नहीं करेगा। यदि कोई विक्रेता इस प्रकार की अनिवार्य टैगिंग करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



कुरुक्षेत्र। कार्यालय में ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीओ सुभाष कुमार।

## अघोषित बिजली कटौती से भड़के ग्रामीण, पावर हाउस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पिहोवा क्षेत्र के गांव भैंसी माजरा में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में बुधवार देर रात ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव के समीप स्थित बिजली पावर हाउस पहुंच गए और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पावर हाउस का घेराव कर दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे ग्रामीण एसडीओ सुभाष कुमार और जेई आकाशदीप को अपने बीच जमीन पर बैठाकर जवाब मांगा। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली कट लगाए जा रहे हैं। भीषण गर्मी और उमस के बीच रात के समय बिजली गुल होने से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। बिजली कटौती के कारण पेयजल आपूर्ति और किसानों की सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों से पूछा कि यदि पिंडारसी क्षेत्र में बिजली लाइन पर कार्य चल रहा था तो इसकी जानकारी पहले उपभोक्ताओं को व्हाट्सएप ग्रुप या अन्य माध्यम से क्यों नहीं दी गई।

### स्वच्छता को आदत बनाएं नागरिक : गजेंद्र



पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा टीम के साथ स्वच्छता अभियान चलाते हुए।

**पानीपत।** स्वच्छता अभियान केवल औपचारिकता नहीं अपितु जीवन का अभिन्न अंग बने ये हमारी सोच व स्वभाव का हिस्सा बनना चाहिए ये शब्द भाजपा प्रदेश प्रमुख राष्ट्रीय सदस्यता अभियान तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने नूरवाला मे स्वच्छता स्वागत अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलाने के बाद अपने सम्बोधन मे कहे। गजेंद्र सलूजा नें कहा की हमें व्यक्तिगत व सामूहिक स्वच्छता को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने राजकीय स्कूल मे बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जसविंदर चहल, एसडीएम मनदीप, नगर निगम डीएमसी अरुण भार्गव, पार्षद काजल शर्मा, पवन गोगलिया, अनिल शर्मा, प्रेम तोमर आदि उपस्थित रहे।

## अमेरिका से कृषि डील के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी प्रदर्शन करते हुए।

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि डील के विरोध में राज्यसभा सांसद संजय भाटिया के पानीपत स्थित आवास पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की कि संसद के मानसून सत्र में कृषि डील रद्द करने की मांग को प्रमुखता से उठाया जाए। सांसद भाटिया की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी अंजू भाटिया ने ज्ञापन स्वीकार कर मांगों को सांसद तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल, संयुक्त किसान मोर्चा के जिला सह संयोजक सुनील दत्त, जिला कोषाध्यक्ष कुंवर सिंह छोकर, जिला उपप्रधान दिलावर सिंह राठी, सह सचिव सीताराम शर्मा, प्रेस सचिव फौजी रोहतास आर्य तथा रामकिशन कुंडू, रामरूप सैनी, राजवीर गिरी, गुलाब सिंह, शीशपाल शर्मा, एसए खान, राहमेहर, अमित कुमार, जयपाल कादयान, कृष्ण देशवाल, राजेंद्र छोकर और अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव सहित अन्य किसान नेताओं ने किया।

## पड़ोसी ने युवती की अश्लील वीडियो बनाई

- आरोपी से परेशान हो पीड़िता की बड़ी बहन कर चुकी है सुसाइड पुलिस ने केस दर्ज किय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के थाना मतलौडा के तहत आने वाले एक गांव में युवक ने अपने पडोसी का विश्वास भंग करते हुए उनके मोबाइल व लैपटॉप से डेटा चोरी कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व अवैध सॉफ्टवेयर के जरिए अश्लील वीडियो बनाई। आरोपी की साजिश रच कर पडोसी युवती का वैवाहिक रिश्ता तुडवा दिया और पीडित परिवार को ब्लेकमेल कर लाखों रुपए भी वसूले। पीडित पिता ने खुलासा किया कि उनकी बडी पुत्री ने आत्महत्या की थी, वहीं, उन्होंने आशंका जताई कि आरोपी की हरकतों के चलते ही उनकी पुत्री ने अपनी जीवनलीला समाप्त की होगी। इधर, पीड़ित पिता की शिकायत पर व पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के आदेश पर थाना मतलौडा पुलिस ने आरोपी पर खिलाफ आईटी एक्ट, ब्लैकमेलिंग, जबरन वसूली और आपराधिक धमकी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया और साइबर सेल के साथ जांच शुरू कर दी है। पुलिस की टीमें आरोपी के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ट्रैक करने में जुटी है।

### अग्रोहा में खुलेगी श्री नंद किशोर गोयनका यूनिवर्सिटी



**पानीपत।** एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा और उनके भाइयों लक्ष्मी नारायण गोयल, जवाहर गोयल, अशोक गोयल ने अपने स्वर्गीय पिता नंद किशोर गोयनका की विरासत को एक स्थायी सम्मान देने के लिए अग्रोहा, हिसार में 'श्री नंद किशोर गोयनका यूनिवर्सिटी' की स्थापना करने की घोषणा की है। यह शैक्षणिक संस्थान गोयनका परिवार की अपनी 32 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा, जिसमें करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। सामाजिक सेवा और जनकल्याण पर केंद्रित इस विश्वविद्यालय को एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) के रूप में तैयार किया गया है, जो स्व. नंद किशोर गोयनका के सामाजिक कार्यों के प्रति आजीवन जुड़ाव को आगे बढ़ाएगा। यह विश्वविद्यालय 'सामाजिक सेवा' और 'समाज को वापस लौटाने' पर आधारित एक विशेष और अनोखा पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए गोयनका परिवार ने एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## पानीपत पुलिस को बोलेरो भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। एम3एम फाउंडेशन पुलिस कप्तान को बलेरो की चबी देते हुए।

पुलिस को कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत लगातार आधुनिक संसाधनों से सशक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में एम3एम फाउंडेशन ने अपने उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत वीरवार को पानीपत पुलिस को एक बोलेरो गाड़ी प्रदान की। पुलिस बेड़े में नए वाहन के शामिल होने से गश्त व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित पुलिस कार्रवाई को और मजबूती मिलेगी। वहीं, बोलेरो का हस्तांतरण पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह की मौजूदगी में किया गया। वहीं, एसपी सिंह एम3एम फाउंडेशन के इस सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सार्वजनिक-निजी भागीदारी पुलिस की परिचालन क्षमता को मजबूत करने के साथ-साथ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समाज और पुलिस के बीच इस प्रकार की साझेदारी सुरक्षित, व्यवस्थित एवं नागरिक-अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर डॉ. पायल बंसल कनोडिया, प्रमोटर, एम3एम तथा चेयरपर्सन एवं ट्रस्टी आदि उपस्थित रहे।

### किसान को पशुपालन करने के लिए किया प्रेरित

**पानीपत।** हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास महासंघ (हरको फैड) द्वारा गुरुवार को उपमंडल इसराना में किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों ने भाग लेकर सहकारिता, आधुनिक कृषि, प्राकृतिक खेती तथा वैज्ञानिक पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। विशेषज्ञों ने किसानों को खेती और पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने के प्रभावी उपाय बताते हुए सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में हरकोफैड के शिक्षा अनुदेशक प्रवेश कुमार, डॉ. राजेंद्र सिंह, विनोद कुमार, डॉ. जोरा सिंह मलिक, किसान जयभगवान फौजी रहे।

## बच्चों को गीता का ज्ञान अवश्य दें : मीनाक्षी गुप्ता

- गीता परिवार के बाल संस्कार शिविर बच्चे ले रहे सनातन संस्कृति का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



पानीपत। गीता परिवार के बाल संस्कार शिविर में करतब दिखाते हुए विद्यार्थी।

श्रीकृष्ण वेद विद्यालय में आयोजित उत्तरांचल प्रभारी शिक्षाविद् मीनाक्षी गुप्ता की देख रेख में चल रहे गीता परिवार के बाल संस्कार शिविर का द्वितीय दिवस उत्साह, अनुशासन एवं संस्कारों से परिपूर्ण रहा। दिनभर चले विविध कार्यक्रमों में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों का ज्ञान प्राप्त किया।शिविर की शुरुआत प्रातः उत्साहवर्धन,योगासन, सूर्यनमस्कार एवं दौड़ से हुई। इसके उपरांत वेद अध्ययन, भगवद्गीता श्लोक, देशभक्ति गीत तथा गोपूजन के माध्यम से बच्चों में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना का संचार किया गया। दोपहर के सत्र में प्रायोगिक प्रशिक्षण, कथा कथन, पंचगान, लाठीकला एवं मेधावी खेलों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर मध्यांचल प्रभारी प्रमिला माहेश्वरी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि बाल संस्कार शिविर केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि श्रेष्ठ चरित्र, अनुशासन, सेवा भावना और भारतीय संस्कृति के संस्कारों को जीवन में उतारने की एक सशक्त पहल है। वहीं, प्रमिला महेश्वरी के सानिध्य में गीता सेवी समर्थ, श्रीधर व श्री कृष्णम् ने बच्चों को प्रायोगिक परीक्षण, लाठी काठी जैसी अनेक गतिविधियां सिखाई जो कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री कृष्ण वेद विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कृष्णकांत मिश्रा ने कहा कि जीवन में सफलता का आधार अच्छे संस्कार, नियमित दिनचर्या, अनुशासन और सकारात्मक सोच है। विद्यालय के आचार्य आशुतोष तिवारी व विशाल पचौरी ने बताया कि गीता के आदर्शों को अपनाकर प्रत्येक बालक अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

**खबर संक्षेप**

### वाराणसी जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

**अंबाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से नई ट्रेन संख्या 04686 संत रविदास एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस नई ट्रेन की शुरुआत से पंजाब और हरियाणा से उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर वाराणसी जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, उद्घाटन के दिन यह ट्रेन जालंधर कैंट से वाराणसी के बीच स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाई जा रही है।

### कार्यक्रम की तैयारियां पूरी: अजय सिंह तोमर

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 17 को जींद से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर लोगों को यह सौगात समर्पित करेंगे। इसी कड़ी में जिला स्तर पर प्रातः 10 बजे पुलिस डीएवी स्कूल के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दृष्टिगत सभी तैयारियां कर ली गई हैं। जींद से कार्यक्रम को यहां पर ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से यहां पर दिखाने का काम किया जाएगा।

### पीएम के जींद दौरे से जिले में धारा 163 लागू

**अंबाला।** जिलाधीश अजय सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जींद दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए 17 को जिले में नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इसके तहत ड्रोन सहित सभी प्रकार के मानव रहित (यूएवी) हवाई यंत्र उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार ड्रोन तथा मानवरहित हवाई उपकरणों के उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा।

### रोजगार मेले में 60 युवाओं का किया चयन

**अंबाला।** सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण व अंत्योदय विभाग के तत्वाधान में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत ग्रामीण कौशल एवं रोजगार मेले का आयोजन सारंगपुर व धुरकड़ा में किया। जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल ने बताया कि चालू वर्ष के लिए 60 युवाओं को सीआईपीईटी आईपीटी मुरथल संस्थान में प्रशिक्षण देने के लिए पंजीकृत किया गया।

# अब स्कूलों में लगेगी सेवा, स्वच्छता और संस्कारों की पाठशाला

## शिक्षा विभाग ने शुरू किया श्रमदान पीरियड, विद्यार्थियों में विकसित होंगे नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के गुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अध्यापिका सुमन कौर।

शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती बल्कि उसका वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनाना भी होता है। इसी सोच को साकार करने की दिशा में शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में श्रमदान पीरियड लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब विद्यालयों में निर्धारित समय पर विद्यार्थियों को श्रमदान गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। इस दौरान बच्चे स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छ आदतों, जल संरक्षण, पौधारोपण एवं उनकी देखभाल, विद्यालय सौंदर्यीकरण, हाउस सिस्टम को सशक्त बनाने तथा सामुदायिक सेवा जैसे रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे। शिक्षा जगत और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस निर्णय को समय की आवश्यकता बताते हुए इसकी सराहना की है। शिक्षा विभाग का मानना है कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब उन्हें केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं बल्कि व्यवहारिक जीवन के मूल्यों से भी जोड़ा जाए। श्रमदान पीरियड का उद्देश्य विद्यार्थियों में श्रम के प्रति सम्मान, पर्यावरण संरक्षण की भावना, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, टीम भावना और समाज के प्रति उत्तरदायित्व विकसित करना है। जब विद्यार्थी स्वयं विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करेंगे, पौधे लगाएंगे, उनकी देखभाल करेंगे तथा जल संरक्षण जैसे कार्यों में भाग लेंगे, तब वे इन मूल्यों को जीवनभर अपनाएंगे। विद्यालय परिसर को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। श्रमदान के माध्यम से बच्चे प्लास्टिक मुक्त परिसर, कचरा पृथक्करण, वर्षा जल संरक्षण, पौधारोपण और विद्यालय सौंदर्यीकरण जैसे अभियानों का हिस्सा बनेंगे। इससे न केवल विद्यालयों का वातावरण बेहतर होगा बल्कि विद्यार्थी अपने घरों और आसपास के समाज में भी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर जाएंगे। विद्यालयों में कार्यरत एनएसएस इकाइयों और हाउस सिस्टम की सक्रिय भागीदारी से इन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि आज की पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देना भी अत्यंत आवश्यक है। मोबाइल और डिजिटल दुनिया के बढ़ते प्रभाव के बीच यदि बच्चों को सेवा, सहयोग और प्रकृति से जोड़ने का अवसर मिलेगा तो उनका व्यक्तित्व अधिक संतुलित और सकारात्मक बनेगा। श्रमदान पीरियड विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामूहिक कार्य करने की आदत विकसित करेगा। यही गुण भविष्य में उन्हें एक बेहतर नागरिक और जिम्मेदार समाजसेवी बनने की प्रेरणा देंगे। राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर की अंग्रेजी अध्यापिका सुमन कौर ने कहा कि विद्यालय केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि जीवन के संस्कार देने वाली संस्था है। श्रमदान पीरियड विद्यार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी का व्यावहारिक अनुभव देगा। जब बच्चे स्वयं अपने विद्यालय की सफाई करेंगे, पौधे लगाएंगे।


अंबाला। पौधारोपण करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### जिम्मेदारी की भावना होगी विकसित

सामाजिक कार्यकर्ता बीरेंद्र सिंह ने शिक्षा विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब नई पीढ़ी में सेवा, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो। श्रमदान पीरियड विद्यार्थियों को केवल सफाई करना नहीं सिखाएगा बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध भी कराएगा। आज पौधारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता जैसी गतिविधियां समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि बच्चे विद्यालय से ही इन मूल्यों को अपनाएंगे तो आने वाले वर्षों में पूरा समाज इसका सकारात्मक परिणाम देखेगा। प्रत्येक विद्यार्थी को सप्ताह में मिलने वाले इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए और इसे केवल एक पीरियड नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम मानना चाहिए।

### नई सोच, नया बदलाव

शिक्षा विभाग की यह पहल स्पष्ट संदेश देती है कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि ऐसे नागरिक तैयार करना है जो समाज, पर्यावरण और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें। श्रमदान पीरियड विद्यार्थियों में सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित कर एक सशक्त, जागरूक और संस्कारित पीढ़ी तैयार करने की दिशा में एक सराहनीय और दूरदर्शी कदम साबित हो सकता है।

## शहर को सुंदर बनाने का लिया संकल्प

# पूर्व मंत्री असीम ने शहर में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्वच्छता ही स्वागत अभियान के तहत वीरवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने अंबाला शहर के मानव चौक के नजदीक स्वयं झाड़ू लगाकर एवं सफाई करके सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर उन्होंने अंबाला शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों को फूल-माला पहनाकर प्रोत्साहित भी किया। इससे पहले पूर्व मंत्री का यहां पहुंचने पर भाजपा के पदाधिकारियों, पार्षदगणों व अन्य ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, मेयर अक्षिता सैनी विशेष रूप से मौजूद रही। गोयल ने इस मौके पर सभी को स्वच्छता के बारे जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। स्वच्छता को अपनाकर हम अपने शहर, कस्बे, मोहल्ले व प्रदेश को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकते हैं। उन्होंने इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते यह भी कहा कि 17 को प्रधानमंत्री जींद जिले में मां जयंती देवी की पवित्र धरा पर आ रहे हैं। इस मौके पर वह देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाकर लोगों को यह सौगात समर्पित करने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में नए-नए आयाम स्थापित करने का काम किया जा रहा है। देश निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में पिछले चार दिन से स्वच्छता ही स्वागत अभियान के तहत स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहां पर नगर निगम, सदस्य व अन्य लोगों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि 17 का दिन प्रदेशवासियों के लिए एक गौरवशाली दिन है। इस दिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री करोड़ों रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।


अंबाला। निगम अधिकारियों व सदस्यों के साथ झाड़ू लगाते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि


अंबाला। ओपीडी का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### अंबाला शहर सिविल अस्पताल में शुरू हुई न्यूरोलॉजी ओपीडी, मरीजों को मिलेगी राहत

**अंबाला।** अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने सिविल अस्पताल में न्यूरोलॉजी ओपीडी का शुभारंभ किया। इस नई सुविधा से अब न्यूरोलॉजी से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।
नागरिक अस्पताल अंबाला शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने न्यूरोलॉजी ओपीडी का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही है। अस्पताल आने वाले लोग भी सुविधाओं को लेकर काफ़ी संतुष्ट हैं। बता दें कि न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह और उपचार मिल सकेगा। न्यूरोलॉजी ओपीडी प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे बुधवार को संचालित होगी। इसमें न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार उपलब्ध कराएंगे।


अंबाला। राय मार्केट में स्वच्छता अभियान का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन ने खुद लगाया झाड़ू

- कहा पीएम मोदी की अगुवाई के लिए पूरे प्रदेश में सीएम की ओर से चलाया जा रहा है अभियान

**अंबाला।** स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने राय मार्केट में स्थित बावा पार्किंग में डिस्ट्रीक्ट टॉस्क फोर्स के सदस्यों व नगर परिषद् के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान सहभागिता कर स्वच्छता का संदेश दिया। इससे पूर्व उनका यहां पहुंचने पर नगर परिषद् की चेयरपर्सन स्वर्ण कौर व ईओ देवेंद्र नरवाल ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका स्वागत किया। चेयरमैन सुभाष चंद्र ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर 19 तक स्वच्छता से स्वागत अभियान चलाया जा रहा है। 17 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में इतिहास बनाने के लिए पहुंच रहे हैं। उनके आगमन की खुशी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उनका स्वागत स्वच्छता से करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि जैसे हम दीपावली और अन्य राष्ट्रीय पर्वों पर सफाई करके अपने आंगन व घर को साफ सुथरा रखते हैं। ठीक इसी प्रकार से हमारा पूरा प्रदेश स्वच्छता का संदेश देकर प्रधानमंत्री का स्वागत करेगा। सुभाष ने कहा कि मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि पूरे प्रदेश के 22 जिलों में सभी वार्ड, कस्बों व गांवों में यह स्वच्छता का अभियान चले। स्वच्छता के माध्यम से पूरे प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री का स्वागत करेगी। उन्होंने स्वच्छता अभियान के सफल आयोजन के लिए डिसट्रिक्ट टास्क फोर्स, नगर परिषद्, राय मार्केट के सभी दुकानदारों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को मुख्यमंत्री की तरफ से बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने दुकानदारों से भी अपील की कि वे अपने आस-पास के क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखें। मौके पर नप सदस्य शिवाजी काकरान, अंशुल आदि मौजूद रहे।


अंबाला। सेंट्रल जेल का मुआयना करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य अधिकारी।

# उपायुक्त ने जेल में बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का किया अवलोकन

- रसोई घर के साथ बेकरी यूनिट व कंट्रोल रुम का भी मुआयना किया

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को केंद्रीय कारागार का निरीक्षण करते हुए कम्पयूटर कक्ष, रसोई घर, जेल रेडियो, लाईब्रेरी, कैंटीन, बेकरी यूनिट, कंट्रोल रूम के साथ-साथ अन्य स्थानों का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त ने जेल परिसर में पौधारोपण भी किया। उनके साथ जेल अधीक्षक सतविंद्र गोदारा, नगराधीश अभिषेक गर्ग व जेल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तोमर ने केंद्रीय कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक से बंदियों की विस्तार से जानकारी ली। सुरक्षा की दृष्टि से केंद्रीय कारागार में जो कंट्रोल रूम बनाया गया है उसकी भी जानकारी हासिल की। निरीक्षण करते हुए रसोई घर में बंदियों के लिए जो भोजन उपलब्ध करवाया जाता है, उसकी व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने जेल अधीक्षक से बंदियों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने बंदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। जेल अधीक्षक ने उपायुक्त को बताया कि जिन बंदियों को कानूनी सहायता की आवश्यकता होती है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। उपायुक्त ने बंदियों द्वारा रेडियो पर धुन कार्यक्रम के माध्यम से मनपंसद गाने बजाए जाने वाले स्थान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने म्यूजिक रूम का भी जायजा लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# फोरमैन व 3 ट्यूबवेल ऑपरेटरों के विरुद्ध जांच के निर्देश दिए

- बोरवेल में गिरने से मौत का शिकार हुए बच्चे के परिजनों ने विज से की मुलाकात

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने जनस्वास्थ्य विभाग के फोरमैन और विभिन्न ट्यूबवेलों पर तैनात ट्यूबवेल ऑपरेटरों के खिलाफ कार्य नहीं करने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विभाग के एसई को मामले में जांच कर सात दिनों के भीतर रिपोर्ट जमा कराने के निर्देश दिए। अंबाला छावनी के वार्ड नंबर दस से नप सदस्य रमन छतवाल ने विज को शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि जनस्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एक फोरमैन व उसके तीन रिश्तेदार जोकि ट्यूबवेल ऑपरेटरों के पद पर कार्यरत हैं सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। उनका आरोप था कि फोरमैन द्वारा ऑपरेटरों को अपने निजी कार्य में लगवाया जा रहा है जिससे पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। इसके अलावा उन्होंने फोरमैन व ट्यूबवेल ऑपरेटरों पर अन्य आरोप भी लगाए। विज ने मामले में संज्ञान लेते हुए विभाग के एसई को मामले में जांच कर रिपोर्ट सात दिनों में देने के निर्देश दिए।


अंबाला। मंत्री अनिल विज से आशीर्वाद लेते हुए नवनियुक्त युवा प्रभारी व अन्य।

### आरटीएस की नई कार्यकारिणी गठित

**अंबाला।** अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में वीरवार को आरटीएस की पूर्व प्रधान जागीर सिंह के नेतृत्व में अहम मीटिंग हुई। इस दौरान सीएचसी, पीएचसी व नागरिक अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से चालक निर्मल सिंह को आरटीएस का प्रधान चुन लिया। निर्मल सिंह के साथ ही चालक राकेश कुमार की बतौर उपप्रधान ताजपोशी की गई। दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद सर्वसम्मति से आरटीएस की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। पूरी कार्यकारिणी प्रधान निर्मल सिंह व उपप्रधान राकेश कुमार के नेतृत्व में चालक व दूसरे कर्मचारियों के हितों को लेकर काम करेगी। कार्यकारिणी में राजेश कुमार को कैशियर, उमेश कुमार को सचिव, जागीर सिंह व गुरजिंद्र सिंह को सहायक व अनिल कुमार को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

# स्कूल बसों की जांच, सुरक्षा मानकों पर कसा शिकंजा

- अधिकारियों ने चालकों-परिचालकों को दिए बच्चों की सुरक्षा के लिए जरुरी दिशा-निर्देश

**बराड़ा।** सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल की स्कूल बसों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पुलिस विभाग की ओर से इंस्पेक्टर विजय कुमार व उनकी टीम तथा शिक्षा विभाग की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जगदीश व उनकी टीम ने किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बसों में सुरक्षा मानकों की गहनता से जांच की। बसों के दस्तावेज, आपातकालीन निकास, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, सीटों की स्थिति सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही बस चालकों एवं परिचालकों को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, तय रूट से ही बस संचालित करने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील और अनुशासित व्यवहार रखने के लिए प्रेरित किया।


बराड़ा। बच्चों की सुरक्षा को लेकर चालकों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए।

## 8,600 से ज्यादा सरकारी प्राइमरी स्कूलों में लागू रियल-टाइम लर्निंग मॉनिटरिंग सिस्टम

# अब मोबाइल पर दर्ज हुआ बच्चों की पढ़ाई का डाटा

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

सरकारी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई अब रजिस्टरों की धूल भरी फाइलों में कैद नहीं रहेगी। प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा डिजिटल कदम उठाते हुए प्रदेश के 8,600 से अधिक सरकारी स्कूलों में रियल-टाइम लर्निंग मॉनिटरिंग सिस्टम लागू कर दिया है। इसकी खास बात यह है कि शिक्षक जैसे ही मोबाइल पर बच्चे की पढ़ाई का रिकॉर्ड दर्ज करता है, वह जानकारी कुछ ही सेकंड में ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर तक के अधिकारियों की स्क्रीन पर पहुंच जाती है। इतना ही नहीं, मेंटर्स द्वारा स्कूलों में जाकर किए जाने वाले औचक स्पॉट असेसमेंट का डेटा भी तुरंत सिस्टम में दर्ज हो जाता है, ताकि पढ़ाई में पिछड़ रहे बच्चों की पहचान कर उन्हें समय रहते सही मदद दी जा सके।

### 32 हजार शिक्षक, 3.5 लाख विद्यार्थी, एक क्लिक पर पूरा डेटा

हरियाणा राज्य के 'निपुण हरियाणा डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम' से इस समय करीब 32 हजार शिक्षक, 3 हजार से अधिक मेंटर व अधिकारी और हर साल 3.5 लाख से ज्यादा विद्यार्थी सीधे जुड़े हुए हैं। नतीजा यह है कि समीक्षा बैठकों में अब महीनों पुरानी कागजी रिपोर्टों का इंतजार नहीं करना पड़ता। अधिकारी लाइव डैशबोर्ड देखकर मौके पर ही फैसले ले रहे हैं। शिक्षा विभाग की माने तो इस बदलाव से न सिर्फ निर्णय लेने की रफ्तार बढ़ी है, बल्कि कमजोर बच्चों की पहचान कर उन तक तुरंत सुधारात्मक कदम पहुंचाना भी अब मुमकिन हो गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और निपुण भारत मिशन के तहत हर बच्चे को कक्षा तीन तक बुनियादी साक्षरता और गणितीय दक्षता देने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रदेश ने इस राष्ट्रीय लक्ष्य को तकनीक से जोड़ते हुए शिक्षकों, मेंटरों, अभिभावकों और अधिकारियों को एक ही डिजिटल मंच पर ला खड़ा किया है, जिससे पूरी व्यवस्था पहले से कहीं अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बन गई है।

### ऐसे काम करता है मॉनिटरिंग सिस्टम

सबसे पहले शिक्षक मोबाइल ऐप के जरिए विद्यार्थियों की प्रगति, मूल्यांकन, उपस्थिति और कक्षा गतिविधियों का रिकॉर्ड दर्ज करते हैं। इसके बाद ब्लॉक स्तर के मेंटर बिना पूर्व सूचना के स्कूल पहुंचकर बच्चों का स्पॉट असेसमेंट करते हैं। यह डेटा तुरंत ऑनलाइन अपलोड होकर राज्य स्तरीय डैशबोर्ड पर दिखाई देने लगता है। किसी भी स्कूल, ब्लॉक या जिले की असल तस्वीर चंद पलों में सामने आ जाती है

### आंकड़ों में दिखा बदलाव का असर

स्वतंत्र अध्ययनों से सामने आए नतीजों की मानें तो प्रदेश के 70 से 75 प्रतिशत विद्यार्थी अब अपनी कक्षा के अनुरूप तय सीखने के लक्ष्य हासिल कर रहे हैं। विशेषज्ञ इसका श्रेय तकनीक आधारित निगरानी, नियमित शिक्षक प्रशिक्षण और समय पर शैक्षणिक हस्तक्षेप को देते हैं। प्रदेश के सभी 22 जिलों में लागू इस प्रणाली के तहत हर महीने करीब 1.5 लाख स्पॉट असेसमेंट और 15 हजार से अधिक क्लासरूम ऑब्जर्वेशन किए जा रहे हैं। इससे शिक्षकों का मूल्यांकन कार्य लगभग 50 प्रतिशत तेज हुआ है, वहीं मेंटरों द्वारा स्कूल भ्रमण के नियमों के पालन की दर 75.55 प्रतिशत तक पहुंच गई है। आंकड़ों की सत्यता बनाए रखने के लिए हरियाणा ने दो-स्तरीय मूल्यांकन प्रणाली भी अपनाई है एक तरफ मेंटर खुद स्कूल जाकर बच्चों का मौखिक परीक्षण करते हैं, तो दूसरी तरफ एक स्वतंत्र एजेंसी डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए हर साल सर्वे कराती है। इससे सरकारी आंकड़ों का स्वतंत्र सत्यापन भी हो जाता है और व्यवस्था पर भरोसा और मजबूत होता है।

### किसान से 3.50 लाख की ठगी

**अंबाला।** नग्गल थाना क्षेत्र के जनसुई गांव के किसान को खुद को विदेश में रहने वाला भतीजा बताकर ठगों ने 3.50 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। ठगों ने किसान को गिफ्ट और रुपये भेजने का लालच दिया। बैंक खाते में बड़ी रकम आने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम जमा करवा ली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मक्खन सिंह ने बताया कि 4 जुलाई को उनके व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उनका भतीजा सतनाम सिंह (यूएसएस) बताया। इसके बाद एक अन्य नंबर से कॉल कर कहा कि वह उनके और उनकी पत्नी के लिए विदेश से मोबाइल, घड़ी और कपड़े भेज रहा है।